रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित www.lagatar.in रांची, मंगलवार 14 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 वर्ष : 2, अंक : 35

डिजिटल संस्करण

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



# मतदान खत्म झारखंड में 63.14% वोटिंग

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है. झारखंड में चौथे चरण में चार लोकसभा सीटों (लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम) में भी सुबह सात बजे से मतदान जारी है, जो शाम शाम पांच बजे तक चलेगा. झारखंड की चारों सीटों पर शाम 5 बजे करीब तक 63.14 प्रतिशत मतदान हुआ. शाम 5 बजे तक ही मतदान होना था.

चारों लोकसभा में मॉक पोल के दौरान ईवीएम रिप्लेस किया गया है. उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने बताया कि 31 बैलेट यूनिट, 34 कंट्रोल यूनिट और 70 वीवी पैट को रिप्लेस किया गया है.

झारखंड के चार लोकसभा क्षेत्रों में शाम 5 बजे तक 63.14% मतदान हुआ है. सिंहभूम में 66.11%, खूंटी में 65.82%, पलामू में 60.00% और लोहरदगा में 62.60% वोटिंग हुई है. वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र आने वाले मांडर विधानसभा क्षेत्र में 62.08 प्रतिशत मतदान हुआ है. खूंटी लोस क्षेत्र में आने वाले तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 66.36 है. इससे पहले 3 बजे तक चारों विधानसभा क्षेत्रों में 56.42% वोटिंग हुई थी. सिंहभूम में 57.62%, खूंटी में 59.97, पलामू में 53.35% और लोहरदगा में 56.72% मतदान हुए थे. लोहरदगा लोस क्षेत्र में आने वाले मांडर विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 3 बजे तक 55.95 प्रतिशत और खूंटी लोस क्षेत्र में आने वाले तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 59.45 प्रतिशत वोटिंग हुई थी.

| 66.11 | 63.82 | 60.00 | 69.90 |
| --- | --- | --- | --- |
| सिंहभूम | खूंटी | पलामू | लोहरदगा |






**04**
कुल लोकसभा

**64,58,036**
कुल मतदाता

**32,38,955**
पुरुष मतदाता

**32,19,039**
महिला मतदाता

**2,48,767**
फर्स्ट टाइम वोटर

**481**
100 उम्र वाले वोटर

**7595**
पोलिंग स्टेशन

**9114**
बैलेट यूनिट

**9114**
कंट्रोल यूनिट

**9874**
वीवी पैट

**30380**
मतदान कर्मी



## खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने डाले वोट

*केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और खूंटी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने खरसावां में पूर्व प्राथमिक विद्यालय, खेलारीसाई के बूथ नंबर 172 में वोट डाले. उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा ने भी मतदान किया.*

### पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने मतदाताओं से अपील, राष्ट्रहित में करें मतदान

*पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा शहरी क्षेत्र के थाना टोली बालिका मध्य विद्यालय में स्थित मतदान केंद्र संख्या 279 में पहुंचकर मतदान किया. बाहर निकलने के बाद उन्होंने सभी मतदाताओं से राष्ट्रहित में मतदान करने और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की. धीरज साहू कहा कि देश के विकास के लिए उन्होंने मतदान किया है. बता दें कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है.आम से लेकर खास मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं.*

## मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पर एफआईआर

**रांची।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पर एफआईआर हुआ है. जानकारी के अनुसार, शिल्पी नेहा तिर्की ने 12 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र (जिला-रांची) के मांडर के सरवा पंचायत (थाना नरकोपी) स्थित भोबरो गांव में एक जनसभा की थी. उन्होंने इस सभा को संबोधित भी किया गया. जिसको लेकर उन पर कार्रवाई की है. शिल्पी नेहा तिर्की पर आईपीसी की धारा 188 और 126 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है.



**चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभा करना आचार संहिता का उल्लंघन :** बता दें कि झारखंड में होने वाले चौथे लोकसभा चुनाव का प्रचार 11 मई शाम पांच बजे ही थम गया था. इसके बाद चौथे चरण की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गयी थी. इस दौरान प्रचार-प्रसार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. जिसका विवरण आदर्श आचार संहिता मैनुअल के अध्याय 8 में दिया गया है. यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 126 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है. जिसमें दो वर्ष तक की सजा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है.





## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सपरिवार डाला वोट

**गढ़वा।** झारखंड में चौथे चरण में लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम चार लोकसभा सीटों में सुबह सात बजे से मतदान जारी है, जो शाम शाम पांच बजे तक चलेगा. मतदान को लेकर आम से लेकर खास लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. पलामू सांसदीय क्षेत्र के सभी बूथों पर भी मतदाताओं की लंबी लाइन देखने को मिल रही है. इसी क्रम में गढ़वा विधायक व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 207 पहुंचे और अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया. मिथिलेश ठाकुर अपनी पत्नी चंचल ठाकुर, बेटी प्रत्यक्षा ठाकुर के साथ अन्य मतदाताओं के बीच लाइन में खड़े रहे और उनकी बारी आने पर सपरिवार मतदान किया.



**पहले मतदान, फिर करें अपना काम : ठाकुर :** मतदान देने के बाद मंत्री ठाकुर ने गढ़वा जिलावासियों सहित पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की. कहा कि सभी काम छोड़कर कर पहले मतदान करें, फिर अपना काम करें. मंत्री ने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र की ताकत है. अपने इस ताकत का उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनायें. कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है. इस कार्य में कोई भी चूक ना करें. निश्चित रूप से वोट की ताकत का इस्तेमाल करें. उन्होंने कहा कि एक-एक वोट कीमती है. आपके एक वोट से देश की तस्वीर बदल सकती है. देश हित एवं जनहित के लिए सभी लोगों को मतदान करना बहुत जरूरी है. कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश है. सभी लोग मतदान करके ही इस पहचान को और मजबूत बना सकते हैं. मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, मुखिया अशोक चंद्रवंशी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे.



### तकनीकी खमियों के कारण कई बूथों पर बदले गये मतदान से जुड़े उपकरण

**सिंहभूम :** मॉक पोल के दौरान 8 कंट्रोल यूनिट और एक्चुअल पोल के दौरान 2 कंट्रोल यूनिट मॉक पोल के दौरान 20 VVPAT और एक्चुअल पोल के दौरान 6 VVPAT

**खूंटी :** मॉक पोल के दौरान 4 बैलट यूनिट और एक्चुअल पोल के दौरान 1 बैलेट यूनिट मॉक पोल के दौरान 8 कंट्रोल यूनिट और एक्चुअल पोल के दौरान 1 कंट्रोल यूनिट मॉक पोल के दौरान 15 VVPAT और एक्चुअल पोल के दौरान 2 VVPAT

**लोहरदगा :** मॉक पोल के दौरान 8 बैलेट यूनिट और एक्चुअल पोल के दौरान 1 बैलेट यूनिट मॉक पोल के दौरान 9 कंट्रोल यूनिट और एक्चुअल पोल के दौरान 4 कंट्रोल यूनिट मॉक पोल के दौरान 15 VVPAT और एक्चुअल पोल के दौरान 11 वीवीपैट

**पलामू :** एक्चुअल पोल के दौरान 2 बैलट यूनिट, 3 कंट्रोल यूनिट और 4 वीवीपैट बदले गये

तापमान
35.2° अधिकतम | 21.6° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 14 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 35

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

नहीं रहे बिहार की राजनीति के पुरोधा सुशील कुमार मोदी

## अलविदा सुमो



जन्म : 5 जनवरी 1952
मृत्यु : 13 मई 2024

**नई दिल्ली।** बिहार की राजनीति के पुरोधा और भाजपा के वरीष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी नहीं रहे. बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा के पूर्व सांसद सुशील मोदी का सोमवार की रात दिल्ली में निधन हो गया. 72 साल की उम्र में उन्होंने दिल्ली के एम्स अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली. पिछले कुछ समय से वो कैंसर से जूझ रहे थे. उनके निधन से बिहार की राजनीतिक जगत में शोक की लहर है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के सीएम और सुमो के गहरे मित्र रहे नीतीश कुमार ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है. इससे पूर्व बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने 'एक्स' पर निधन की जानकारी दी. उन्होंने लिखा कि यह बिहार भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है. वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद खबर सुनते ही भावुक हो गये. बोले- 50-51 साल का साथ छूट गया. मैं कुछ बोल नहीं पा रहा. तेजस्वी और तेज प्रताप ने भी सुशील मोदी के निधन पर दुख जताया है.

- गले के कैंसर से पीड़ित थे सुमो
- दिल्ली एम्स में चल रहा था इलाज

गरीबों से भी टैक्स वसूल रही है सरकार क्या है हकीकत | जीएसटी से अमीर से ज्यादा मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है असर

# अब महंगी हुई साइकिल की सवारी, 12% जीएसटी का करना होगा भुगतान

आकर्ष अनिकेत ।रांची

रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन को लेकर काफी बातें की जा रही हैं. जीएसटी कलेक्शन से सरकार तो मालामाल है, मगर आम जनता की जेब खाली हो रही है और लोगों को पता तक नहीं चल पा रहा. टैक्स का असर मध्यम वर्ग के लोगों के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों पर ज्यादा पड़ रहा है. मौजूदा समय में दुपहिया-चारपहिया वाहन के लिए आसानी से लोन मिलने के कारण पेट्रोल, डीजल व इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है. पर, आर्थिक रूप से कमजोर लोग आज भी साइकिल की सवारी ही करते हैं. इसके लिए अपनी हैसियत के हिसाब से साइकिल खरीदते हैं. खासकर ग्रामीण क्षेत्रों मे आज भी कन्वेंशनल साइकिल (जिसे आम बोलचाल में बूढ़ी साइकिल कहा जाता है) का चलन अधिक है. ज्यादातर लोग कम कीमत की इस साइकिल की खरीदारी करते हैं, लेकिन उनकी सवारी पर भी सरकार ने टैक्स लगा रखा है.

## आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से भी मालामाल हो रही सरकार

सरकार के मालामाल होने के पीछा का राज जानने के लिए हमने साइकिल बेचने वाले दुकानदारों से बातचीत की. इससे हमें पता चला कि न सिर्फ बड़ी कंपनियों व मध्यम वर्ग के लोगों से सरकारी खजाने में इजाफा हो रहा है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों से भी सरकार मालामल हो रही है. इस बात का उदाहरण है 12 प्रतिशत जीएसटी. अगर एक व्यक्ति पैडल से चलनेवाली साइकिल खरीदता है, तो उसे उस साइकिल पर 12 प्रतिशत जीएसटी भरना पड़ता है. साइकिल चार हजार की हो या एक लाख रुपये की, जीएसटी 12 प्रतिशत ही लगता है.



### चार से आठ हजार तक की साइकिल की मांग सबसे अधिक

शहर के दुकानदारों से बातचीत करने पर पता चला कि मार्केट में चार से आठ हजार रुपये तक की साइकिल की मांग सबसे अधिक है. दुकानदारों ने बताया कि लोग दुकान पर सस्ती साइकिल खरीदने आते हैं. सबसे अधिक मांग रेंजर साइकिल की है, जिसकी कीमत चार से लेकर आठ हजार रुपये तक होती है.

### ऐसे समझें- कितना लगता है टैक्स

(साइकिल की शुरुआती अनुमानित कीमत रुपये में)

| साइकिल | कीमत | जीएसटी | कुल |
|---|---|---|---|
| कनवेंसनल साइकिल | 4465 | 535 | 5000 |
| रेंजर साइकिल | 5375 | 642 | 6000 |
| गियर साइकिल | 13,393 | 1607 | 15,000 |
| इलेक्ट्रिक साइकिल | 28,571 | 1428 | 30,000 |

### इलेक्ट्रिक साइकिल पर पांच प्रतिशत जीएसटी




आम साइकिल की तुलना में लोगों को इलेक्ट्रिक साइकिल पर कम जीएसटी भरना पड़ता है. जहां आम साइकिल पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है, वहीं इलेक्ट्रिक साइकिल पर पांच प्रतिशत जीएसटी भरना पड़ता. हालांकि दुकानदारों से बातचीत पर पता लगा कि इलेक्ट्रिक साइकिल की तुलना में आम साइकिल के बिक्री अधिक होती है.

खरगे ने बरही व लातेहार में की चुनावी सभा, कहा- इंडिया की सरकार बनी, तो

# गलत ढंग से जेल भेजे गए नेताओं को बाहर लाएंगे

चुनावी हमला

- ये लोग फिर से सत्ता में आये तो अगली बार आम चुनाव नहीं होंगे
- आदिवासियों की जल, जंगल जमीन अमीरों को देना चाहते हैं

विशेष संवाददाता। रांची/बरही/लातेहार

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोमवार को दो-दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया. पहली सभा बरही ब्लॉक ग्राउंड में हुई, जहां हजारीबाग से कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में वोट मांगे. वहीं, चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में लातेहार के कुंदरी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया.

आपकी एजेंसियां क्या कर रही थीं, आप सोए थेः क्या खरगे ने कहा कि मोदी जी कह रहे हैं कि अडाणी-अंबानी के पैसे हमारे पास जा रहे हैं. ईडी, सीबीआई, आईटी आपके पास है, अगर कांग्रेस के घर पैसे जा रहे थे, तो आपने क्यों नहीं पकड़ा? क्या आप सो रहे थे? हेमंत सोरेन के पैसे आपको मिलते हैं, अडाणी-अंबानी के पैसे नहीं मिलते हैं. उन्होंने कहा कि मोदी जी आरक्षण खत्म करने वाले हैं. इनकी नजर आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन पर है, जिसे छीन कर पूंजीपतियों को देने वाले हैं. खरगे ने अपील की कि आप इंडिया गठबंधन के लोगों को जिताएं और मोदी को देश से बाहर भेजने का काम करें.

उन्होंने आगे कहा कि यह धरती वीर नायक बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, सिद्धो-कान्हू जैसे अनके शहीदों की रही है. यहां की धरती संघर्ष की रही है. यहां के लोगों ने संघर्ष करके हमेशा अधिकार लिया है और आगे भी यही रहेगा. इस मौके पर दोनों स्थानीय प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित स्थानीय विधायक एवं नेता शामिल रहे.



### कहां गया स्वीस बैंक में रखा काला धन

खरगे ने कहा कि मोदी जी कहते थे कि स्वीस बैंक में कांग्रेस ने पैसा रखा है, उसे लाकर हर एक व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपए देंगे. दो करोड़ नौकरी देंगे. लेकिन, किसी को नौकरी मिली क्या? आज देश के युवा पढ़ लिख कर सड़क पर हैं. मोदी जी उनकी चिंता नहीं करते. वहीं, किसानों को कहा कि भाईयों आपकी आमदनी दोगुना कर दूंगा. लेकिन, क्या हुआ? आज फर्टलाइजर महंगे हैं, ट्रैक्टर मंहगे हो गए. टायर महंगे हो गए और मोदी जी आज कहते हैं कि किसानों का भला करेंगे. वे गरीबों के बारे में नहीं सोचते, बल्कि अडाणी-अंबानी के लिए सोचते हैं.

### अंग्रेज के बाद दूसरे तानाशाह बन गये मोदी

खरगे ने कहा कि अंग्रेजों के बाद दूसरा तानाशाह आया है. इन लोगों ने हेमंत सोरेन को डराया. कहा कि आप हमारे साथ रहेंगे, तो ठीक, नहीं तो जेल जाना पड़ेगा. मगर, हेमंत सोरेन भाजपा के आगे नहीं झुके और जेल जाना पंसद किया. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद हमारे जितने भी नेताओं को अनावश्यक रूप से जेल में डाला गया है, उन्हें छुड़ा कर आपके सामने लाएंगे. हेमंत सोरेन भी छूटेंगे. खरगे ने कहा कि यह चुनाव एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि देश के लिए बड़े महत्व का चुनाव है. संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है.

### मोदी जी बताएं, आखिर कैसे आयेगा 400 पार

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अगली बार 400 पार. लेकिन जब देश में हर राज्य में भाजपा की सीटें कम हो रही हैं, तो कैसे 400 पार जाओगे. ये सिर्फ लोगों को गुमराह कर रहे हैं. क्योंकि इस बार मोदी और भाजपा हार रही है. आपको दक्षिण में वोट नहीं मिल रहे हैं. हर राज्य में आपके वोट कम हो रहे हैं, तो आप कहां से लाएंगे 400 पार. उन्होंने कहा कि हार के डर से मोदी हमेशा असली बात नहीं करते हैं. नहीं देना, मोदी जी का देन है. खरगे ने दावा किया कि हमारी सरकार आने के बाद हम संविधान की रक्षा करेंगे.

### तानाशाहों को बर्दाश्त नहीं हुआ हेमंत का कामः कल्पना सोरेन



चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि झारखंड समेत पूरे देश में चुनाव की हवा बदल चुकी है. गर्मी के इस मौसम में भी जनता का जोश अद्भुत है. क्योंकि इस बार लोकसभा का चुनाव तानाशाही ताकतों के खिलाफ जनता लड़ रही है. देश में 10 साल शासन करने वाली केंद्र सरकार की जुमलेबाजी, सर्कस और करतब को सभी ने देखा है. आप सभी के आशीर्वाद से 2019 में आपके बेटे और भाई हेमंत सोरेन ने राज्य में गठबंधन सरकार बनायी. लोगों को अधिकार देना शुरू किया. यह सब तानशाही ताकतों से बर्दाश्त नहीं हुआ. इनको लगा कि झारखंड को मदद नहीं देंगे, तो राज्य आगे नहीं बढ़ पायेगा. लेकिन हेमंत जी ने रोटी, कपड़ा और मकान सुनिश्चित करने के साथ-साथ कई योजनाओं से लाखों लोगों को जोड़ने का काम किया. आज तानशाही ताकतों के षड्यंत्र के कारण हेमंत जेल में हैं, मगर उनके और इंडिया गठबंधन के सिपाही दिल्ली में आपकी आवाज उठाने के लिए आप सभी के बीच आये हैं. इसलिए आप कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल और केएन त्रिपाठी को जिता कर गठबंधन को मजबूत करें.

### मोदी आये तो मौलिक अधिकार खत्म हो जाएगा

खरड़े ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र खतरे मे हैं. अगर यह खतरे में है, तो फिर कहां बचेगा लोकतंत्र. यहां तक कि मौलिक अधिकार भी नहीं रहेंगे. जैसे हम पहले गुलाम थे, उसी तरह संविधान खत्म हो जाएगा, तो फिर गुलाम बनकर रह जाएंगे. आपका मत देने का अधिकार, नौकरी और बुनियादी हक नहीं रहेगा, तो हम भी नहीं बचेंगे. उन्होंने कहा कि हमलोग संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुट हुए हैं.

## 300 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस होंगे रद्द

**रांची।** जिला प्रशासन इस बार करीब 300 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है. इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. जिन आर्म्स लाइसेंस धारियों का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है, उसमें से ज्यादातर लोगों के लाइसेंस काफी पुराने हैं. काफी समय से उनका आर्म्स लाइसेंस रिन्यू भी नहीं करवाया गया है. आचार संहिता के दौरान प्रशासन द्वारा नोटिस किए जाने के बाद भी करीब 300 लाइसेंसधारियों ने न तो हथियार जमा करने से छूट के लिए कोई आवेदन दिया और ना ही अपना लाइसेंस जमा किया है. अब ऐसे लोगों के खिलाफ कड़े एक्शन की तैयारी की गई है. बता दें कि आचार संहिता से पूर्व पिछले करीब 18 महीने में 100 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं.

## आज कोडरमा में कल्पना सोरेन कल तेजस्वी यादव करेंगे सभा

विशेष संवाददाता। रांची

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में 14 और 15 मई को इंडिया गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा लगेगा. गठबंधन की ओर से कोडरमा के माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में 14 मई को तिसरी के गांधी मैदान में चुनावी सभा होगी. इस सभा में मुख्य रूप से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मुर्मू मौजूद रहेंगी. उनके साथ राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद और राजधनवार से पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित कई नेता मौके पर मौजूद रहेंगे. बतातें चलें कि विनोद सिंह के नामांकन में कल्पना सोरेन मौजूद थीं.

### 15 को त्रिपाठी, जेपी पटेल मथुरा व विनोद सिंह के लिए तेजस्वी करेंगे चुनावी सभा

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 15 मई को झारखंड में चार चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. तेजस्वी यादव 15 को चतरा लोस के हंटरगंज हाई स्कूल में 12:40 बजे, हजारीबाग लोस के बरही ब्लॉक मैदान में 1:35 बजे, गिरिडीह के बेंगाबाद स्थित पेसरा ताड़ मैदान में 2:30 बजे और 3:25 बजे कोडरमा लोकसभा के पंडीहाडीह, जयनगर स्थित माधवताड़ पावर हाउस ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे.




सुप्रीम कोर्ट में हेमंत की दलील, अदालत ने ईडी से 17 मई तक जवाब मांगा

# केजरीवाल की तरह मुझे भी मिले बेलः हेमंत

विनीत आभा उपाध्याय। रांची/ दिल्ली



जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 17 मई तक जवाब देने को कहा है. कोर्ट में सोमवार को सुनवाई के दौरान सोरेन की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अरविंद केजरीवाल को प्रचार के लिए मिली बेल का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि मेरा मामला भी हूबहू अरविंद केजरीवाल जैसा है, मुझे भी चुनाव प्रचार के लिए बेल चाहिए. जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने दलीलें सुनने के बाद ईडी से जवाब मांगा.

सुनवाई की शुरुआत में ही जस्टिस खन्ना ने सोरेन के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि क्या जमीन हेमंत सोरेन के कब्जे में थी. सिब्बल ने जोर देकर कहा कि जमीन पर सोरेन का कब्जा नहीं था. सिब्बल ने कहा, जमीन कभी मेरे कब्जे में नहीं थी. मेरा जमीन से कोई लेना देना नहीं. इस बयान को दर्ज किया जा सकता है. सिब्बल ने यह भी कहा कि जमीन पर जबरन कब्जे का अपराध मनी लॉन्ड्रिंग कानून के दायरे में नहीं है. इसके बाद जस्टिस खन्ना ने सिब्बल से पूछा कि क्या वह याचिका नोटिस के बाद जुलाई या कोर्ट की छुट्टियों के दौरान सूचीबद्ध कराना चाहते हैं, जिसकी शुरुआत 18 मई से होगी. सिब्बल ने मौजूदा लोकसभा चुनाव का हवाला देकर जल्द सुनवाई की गुजारिश की. सिब्बल ने 17 मई को सूचीबद्ध करने की मांग की. बेंच ने शुरुआत में इनकार कर दिया. कोर्ट ने 20 मई को शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने की बात कही. इस पर सिब्बल ने कहा कि तब तक प्रचार खत्म हो जाएगा.

कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर मामले में लंबी तारीख दी गई तो वह (सोरेन) पक्षपात का शिकार होंगे. सिब्बल ने सोरेन का पक्ष रखते हुए कहा, मेरा मामला भी अरविंद केजरीवाल के आदेश के हूबहू मिलता है और मुझे भी प्रचार अभियान के लिए जमानत की जरूरत है. शीर्ष अदालत ने सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी के अनुरोध पर सुनवाई की तारीख बदल कर 17 मई कर दिया.

### हेमंत सोरेन को निचली अदालत से बड़ा झटका

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को कोर्ट से झटका लगा है. पीएमएलए कोर्ट ने सोमवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है. पीएमएलए कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. पूर्व सीएम ने 15 अप्रैल को पीएमएलए कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी. हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया था. वह 1 फरवरी से रांची के बिरसा मुंडा कारागार में हैं.

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने विभिन्न इलाकों में चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों से मिलकर पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की, कहा

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो श्रमिकों का 25 लाख तक का इलाज होगा मुफ्त

संवाददाता। रांची

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो श्रमिकों को 25 लाख रुपए तक का हेल्थ केयर योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत श्रमिकों का इलाज मुफ्त होगा. कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सोमवार को संसदीय क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों व लोगों से मिलकर अपने समर्थन में कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की. उन्होंने जगह-जगह पदयात्रा, जनसंपर्क व चुनावी बैठक कर लोगों से समर्थन मांगा. मौके पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों के बारे में सोचती है. लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी गरीबों व आम लोगों के बारे में चिंता करते हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी वर्गों के हितों के लिए कई योजनाएं तैयार की है. ताकि मोदी सरकार की गलत नीतियों से परेशान जनता को मदद पहुंचायी जा सके.

**यहां जनसंपर्क अभियान :** कांग्रेस प्रत्याशी ने हेसल के देवी मंडप, नायक चौक, ओझा मार्केट, जनक नगर, मोरहाबादी के टैगोर हिल व कुसुम विहार, जगन्नाथपुर में मौसी बाड़ी, कुटे, इंदिरा नगर कुष्ठ आश्रम, कांके के इचापीड़ी, पिठोरिया, सुकुरहूटू, हाईकोर्ट परिसर, कटहल मोड़, तिलता, कांठीटाड़, बरगवा, अखरा मैदान करमटोली, न्यू एरिया मोरहाबादी, सरना अखरा पहाड़ी टोला, चूना भट्टा और खादगढ़ा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजय बनाने की अपील की.



### खास बातें

- कहा-कांग्रेस ने सभी वर्गों के लिए योजना तैयार की है
- हमारे नेता गरीबों और आम लोगों के बारे में चिंता करते हैं

### जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है : सुबोधकांत

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार की झूठ और जुमले से ऊब चुकी है. देश की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और इसी पर वोट कर रही है. इसके बाद जनता को मोदी सरकार की महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से मुक्ति मिलेगी.

### सहाय के समर्थन में युवा कांग्रेस ने मांगा वोट



रांची। रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की महिला एवं युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में युवा कांग्रेस के महासचिव एवं रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व में बाइक रैली निकली गई. मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल युवा हाथों में कांग्रेस का झंडा व कांग्रेस प्रत्याशी के लिये समर्थन मांग रहे थे. रैली में शामिल युवा राहगीरों एवं आम लोगों से आगामी 25 मई को कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में सहयोग की अपील कर रहे थे. दूसरे दिन सोमवार को भी युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा की अगवाई में शहर के कई हिस्सों में कांग्रेस प्रत्याशी के मक्ष में मतदान की अपील की. मौके पर साहिल, दानिश, रांची विधानसभा उपाध्यक्ष माइकल मिंज, सैफू, रविंद्र, प्रदीप, दानिश इरफान, सादिक, रवि, नीरज, शमशाद, अनु आदि युवा शामिल थे.

### हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से मिलीं कांग्रेस प्रत्याशी



रांची। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को जनसंपर्क अभियान के क्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद मांगा. मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने अधिवक्ताओं से यशस्विनी सहाय को समर्थन देने की अपील की. मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, वरिष्ठ अधिवक्ता रितु कुमार, अभय शंकर दयाल, रवि शंकर दयाल, प्रभात कुमार, एके कश्यप, मुख्तार खान, एके त्रिपाठी, उमाशंकर सिंह, रिसिता सिंह आदि अधिवक्ता शामिल थे. अधिवक्ताओं ने आश्वस्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया.

## ब्रीफ खबरें

### मरांडी ने जनता का जताया आभार



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के चार लोकसभा क्षेत्रों में संपन्न हुए शांतिपूर्ण मतदान केलिए जनता का आभार प्रकट किया. मरांडी ने कहा कि जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास और भरोसा जताया है. मतदान प्रतिशत को देखते हुए यह स्पष्ट है कि जनता तीसरी बार मोदी सरकार केलिए संकल्पित है. मरांडी ने चुनाव आयोग,सुरक्षाबलों एवम मतदानकर्मियों का भी आभार प्रकट किया.

### कल झारखंड आएंगे असम के सीएम सरमा

रांची। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा 15 मई को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे. सबसे पहले डॉ. सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा डीएवी मैदान में 11 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. गिरिडीह जिले की जमुआ विधानसभा के ब्लॉक मैदान-देवरी में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद डॉ. सरमा धनबाद जिले के निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में दोपहर 2:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे.

### इरशाद, तापस व संजीत से पूछताछ करेगी ईडी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लैंड स्कैम मामले में ईडी ने हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद और कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार से ईडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी. सोमवार को कोर्ट ने इसको अनुमति दे दी. बीते गुरुवार को इनकी गिरफ्तारी हुई थी, जिसके बाद इन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करने के दौरान ईडी ने तापस, संजीत और इरशाद अख्तर को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का आग्रह किया था. बता दें कि ईडी ने गुरुवार को तीनों को समन भेजकर रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था. कई घंटों तक चली पूछताछ के बाद देर रात तीनों की गिरफ्तार कर लिया गया था.

# दलों ने किए अपनी जीत के दावे

## चारों सीटों पर एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : भाजपा



प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने 13 मई को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया है. इसमें चार लोकसभा सीट के लिए मतदान हुआ. झारखंड की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया. जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे. प्रदेश महामंत्री ने रिकॉर्ड वोटिंग करने के लिए आम जनता का आभार व्यक्त किया है. शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के प्रति भी आभार प्रकट किया.

**गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया :** झारखंड की गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है. ठगने का काम किया है. साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है. विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है. जनता इनसे त्रस्त हो चुकी है. इस ठगबंधन को जनता ने वोट के माध्यम से नकारने का काम किया है. चुनाव परिणाम आने पर यह स्पष्ट हो जाएगा.

**पीएम ने सभी वर्ग की चिंता की :** साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है. प्रत्येक दरवाजे पर विकास के माध्यम से दस्तक दिया है. देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है. दुश्मनों को करारा जवाब दिया है. युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है. इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनाने के लिए वोट किया है.

**महिलाओं को मान-सम्मान मिला :** अपने कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के मान-सम्मान, उन्हें धुआं से आजादी दिलाने के लिए व्यापक पैमाने पर काम किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने घर-घर शौचालय का निर्माण कराया है. गैस कनेक्शन दिया है. इससे प्रभावित होकर महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को वोट दिया है. प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए काफी काम किया है. उन्हें पक्का मकान देने का काम किया है. हर महीने राशन मुक्त उपलब्ध करा रहे हैं. अच्छे अस्पताल में इलाज के लिए उन्हें आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध कराया है. गरीब वर्ग के लोगों ने उनकी इस योजनाओं से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वोट दिया है.

## 'इंडिया' के खाते में आ रही हैं चारों सीटें : झामुमो व कांग्रेस





विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड की चार सीटों खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में हुए पहले चरण के मतदान के बाद झामुमो और कांग्रेस ने दावा किया है कि यह चारों सीट गठबंधन की झोली में आने वाली हैं. पार्टी महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में क्रमश : झामुमो की जोबा मांझी, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, सुखेदव भगत और राजद की ममता भुइंया भारी अंतर से चुनाव जीत रही हैं. मतदान के रुझान से यह स्पष्ट हो गया है कि इन चारों सीटों पर भाजपा और मोदी लहर काम नहीं आयी है. लोगों ने खुल कर इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति क्रोध, असंतोष अपने मत से जनता ने व्यक्त कर दिया है. यह भी जता दिया कि झारखंड राज्य की अस्मिता, न्याय, संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए जो संघर्ष हुआ, वह निर्णायक होगा. आदिवासी-मूलवासी, दलित-पिछड़े एवं अल्पसंख्यक जन समूह के साथ हो रहे खिलवाड़ एवं अत्याचार पर रोक लग जाएगी. चारों लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध मतदाता मंडल को उन्होंने बधाई और धन्यवाद दिया है.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की जनता ने पहले तीन चरणों के चुनाव में दिखा दिया कि इस बार रोजगार और प्रगति वाली इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है. चौथे चरण का मतदान भी इंडिया गठबंधन की ओर है, क्योंकि मतदाता इस बात को समझ चुके हैं कि हमारा हर एक वोट संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है. इसलिए झारखंड के प्रथम चरण के चुनाव में मतदाता का जोश, उमंग चार लोकसभा सीटों पर दिखी, उससे साफ प्रतीत हुआ कि मतदाताओं का रुझान कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के पक्ष में. भाजपा को नकारने का काम किया है. उन्होंने कहा कि भयंकर महंगाई, बेरोजगारी के विरुद्ध और प्रधानमंत्री के दस साल के झूठ को नकारने का काम किया और राहुल गांधी के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा जताया है. प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के चौथे चरण और राज्य का पहला चरण का चुनाव प्रधानमंत्री को हताश और निराश फिर एक बार कर दिया. झारखंड में चारों की चारों सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जीतने का काम करेगा.

## कांग्रेस अध्यक्ष ने यशस्विनी सहाय को दिया आशीर्वाद

मल्लिकार्जुन खरगे का कांग्रेस नेताओं ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत



संवाददाता। रांची

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया. खरगे ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जीत का आशीर्वाद दिया.

वहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के पांच न्याय गारंटी कार्ड को डोर टू डोर कैंपेन के तहत जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया. मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, कुमार राजा सुरेश बैठा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे. मालूम हो कि खरगे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरही में सोमवार को आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे थे. रांची एयरपोर्ट से खरगे बरही के लिए रवाना हो गए.

## विक्रम सिंह व बाबर को रांची पुलिस ने किया जिला बदर

संवाददाता। रांची



रांची पुलिस ने दो अपराधियों को जिला बदर किया है. साथ ही दो को हर दिन थाना में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई है. जिन दो अपराधियों को जिला बदर किया गया हैं. उसमें हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नेजाम नगर का रहने वाला बाबर और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज का रहने वाला विक्रम सिंह शामिल है. इन दोनों को छह महीने के लिए जिला बदर किया गया है. इसके अलावा रांची पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के अलकापुरी का रहने रोहन कुमार और हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के खेत मोहल्ला का रहने वाला बेलाल को हर दिन थाना में हाजिरी लगाने का आदेश दिया गया है.

## कांग्रेस-झामुमो ने राज्य को लूटने का काम किया : साहू



संवाददाता। रांची

रांची लोकसभा क्षेत्र के आनंद नगर खादगढ़ा रातू रोड में चौधरी सेवा संघ के द्वारा आयोजित सामाजिक संपर्क अभियान की बैठक में राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कांग्रेस झामुमो ने राज्य की जनता की गाडी कमाई को लूटने का काम किया. यहां के जल जंगल जमीन को लुटा नौकरी के नाम पर युवाओं को गुमराह किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर झारखंड की जनता को है. संजय जायसवाल ने कहा गठबंधन की सरकार ने युवाओं, किसान, महिलाओं को छला है और झारखंड को लूट खंड बना दिया. बैठक में चौधरी सेवा संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री ललित नारायण ओझा, अवध किशोर चौधरी, लालबाबू चौधरी, विनोद जायसवाल, परमानंद चौधरी, ओम प्रकाश, राहुल राहुल, अरविंद जयसवाल आदि मौजूद थे.

जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ने किया भूमि पूजन, मिलेगा विशेष ऑफर

## जी-13 प्रोजेक्ट में बनेंगे 222 फ्लैट्स

संवाददाता। रांची



राजधानी रांची में रियल एस्टेट कंपनी जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ने सोमवार को अपने नये प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया. रांची शहर के बीचों बीच वीआईपी इलाके अरगोड़ा में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया है. बता दें कि काफी लंबे समय की सुस्ती और कोविड की मार के बाद अब धीरे-धीरे झारखंड में रियल एस्टेट कारोबार फलने-फूलने लगा है.

रांची की प्राकृतिक सुंदरता एवं यहां का वातावरण इस व्यवसाय को नई जान देता है. बिहार-झारखंड सहित पूरे देश के लोग यहां की जलवायु और वातावरण को पसंद करते हैं. यही कारण है कि रांची में कई बड़े बड़े रियल एस्टेट कंपनी अपने प्रोजेक्ट ला रहे हैं. जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स के पार्टनर मनोज सिन्हा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत जी-13 के तीन फेज का निर्माण किया जा रहा है. इसमें कुल 222 फ्लैट्स होंगे. इन तीनों ब्लॉक्स में वन बीएचके, टू बीएचके, थ्री बीएचके और फोर बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध रहेंगे.

उन्होंने बताया कि फेज एक को पूरा कर लिया गया है. इस प्रोजेक्ट की खासियत यह है कि इसमें सारी सुविधाएं रहेंगी. बच्चों के खेलने के लिये पार्क एवं कम्युनिटी हॉल भी रहेंगे. इस अवसर पर ग्राहकों को विशेष ऑफर दिया जा रहा है. आज से अगले 15 दिनों तक बुकिंग करने वाले सभी ग्राहकों को 4500 रुपये प्रति स्क्वायर फीट का ऑफर दिया जा रहा है.

## चक्रधरपुर में चार बूथों से 900 वोटरों के नाम गायब

भारतीय जनता पार्टी पहुंची चुनाव आयोग

संवाददाता। रांची

सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र के चक्र धर पुर विधान सभा अंतर्गत बूथ संख्या 224, 225, 226, 227 से लगभग नौ सौ मतदाता का नाम गायब होने को लेकर भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग मे पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई. सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की चार बूथों से लगभग नौ सौ वोटरों का नाम के आगे डिलीटेड लिखा जाना कोई गहरी साजिश मालूम पड़ती है. जब मतदान देने वोटर पहुंचे तो उनको बताया गया कि वे मतदान नहीं कर सकते इस पर दिन भर हल्ला मचा रहा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जांच के आदेश दिये हैं. प्रतिनिधिमंडल मे सुधीर श्रीवास्तव, प्रकाश झा, ज्योति आनंद, अनुराधा मोदी शामिल थे.

## रांची स्टेशन से नवजात की चोरी सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध कैद



संवाददाता। रांची

चुटिया थाना क्षेत्र स्थित रांची रेलवे स्टेशन से एक नवजात की चोरी कर ली गयी. घटना रविवार सुबह की है. रेलवे स्टेशन के बाहर लगे सीसीटीवी में एक महिला और दो युवक संदिग्ध दिख रहे हैं, जो एक बच्चे को ले रहे हैं. बच्चे के परिजनों ने चुटिया थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है. इसके बाद पुलिस की टीम बच्चे को खोजने की कोशिश कर रही है. साथ ही सीसीटीवी फुटेज में कैद महिला और दोनों युवकों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है. खबर लिखे जाने तक बच्चे का पता नहीं चल पाया था.

फैशन ट्रेंड | केवल नेशनल ही नहीं, इंटरनेशनल डिजाइनर भी रांची वासियों के लिए लेकर आ रहे हैं आकर्षक कलेक्शन

# फैशन प्वाइंट वेडिंग डायरी एग्जिबिशन 19 व 20 को कैपिटल हिल में

संवाददाता। रांची

फैशन प्वाइंट्स वेडिंग डायरी एग्जिबिशन, 19 और 20 मई को होटल कैपिटल हिल में लगाया जा रहा है. इस बार फैशन प्वाइंट के इस अमेजिंग इवेंट में रांची वासियों के लिए बहुत कुछ नया लेकर आ रहा है. बड़े डिजाइनर फैशन प्वाइंट एग्जीबिशन में अपने नये कलेक्शन की लॉन्चिंग भी करेंगे. एग्जिबीशन में 19 को मदर्स डे सेलिब्रेशन किया जाएगा.

एग्जीबिशन में कोलकाता के मशहूर डिजाइनर एडीआई मोहिनी मोहन कांजीलाल अपने लेटेस्ट साड़ियों का कनेक्शन लेकर आ रहे हैं. यहां आपको कांजीवरम, बनारसी और अन्य तरह की एक्सक्लूसिव साड़ियां देखने को मिलेंगी. इसके साथ ही रांची की चहेती रोशनी बुटिक की प्रोपराइटर एवं फैशन डिजाइनर रोशनी खुद आ रही है. वो अपने डिजाइनर कलेक्शन के साथ पूरे दो दिन का वक्त बिताएंगी. कोलकाता के मशहूर फैशन डिजाइनर अभिषेक राय एवं चैतन्य शर्मा से आप यहां ड्रेसेस कस्टमाइज भी करवा सकते हैं.

वहीं, मुंबई, दिल्ली कोलकाता, मुंबई बैंगलोर, जैसे मेट्रो सिटीज के साथ-साथ लखनऊ, बनारस, जयपुर, पंजाब के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के कलेक्शन भी देखने को मिलेंगे, जो खास कर रांची वासियों के लिए डिजाइन किये गये हैं. रियल इमिटेशन और फैशन ज्वेलरी की भी भरमार होगी. इस बार फैशन प्वाइंट के इस शो की खास बात यह है कि यहां पेश किया जा रहे तमाम कलेक्शन पूरी तरह से प्योर हैंडमेड व हैंडलूम पर केंद्रित हैं. विजिटर्स को यहां बिल्कुल यूनिक और एक्सक्लूसिव पीस ही मिलेंगे. शो में प्योर ओरिजिनल मटेरियल हैंड वर्क की कारीगरी भी देखने को मिलेगी.



### खास बातें

- देश के बड़े डिजाइनर करेंगे अपने कलेक्शन की लॉन्चिंग
- विजिटर को मिलेगा चांदी का सिक्का जीतने का मौका

### बिल्कुल हट कर होगा एग्जिबिशन : रीना अग्रवाल

फैशन प्वाइंट की डायरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया यह एग्जिबिशन बिल्कुल हट कर है. बताया कि एग्जीबिशन में दिल्ली से देविना, कोलकाता से अभिषेक राय और टीया पाखी ब्रांड, एडीआई मोहिनी मोहन कांजीलाल, नवीन के द्वारा दिल्ली की ब्रांड किशोरी, ब्रांड स्वाभी, ब्रांड अला-राशि डिजाइनर के लेटेस्ट कलेक्शन रांची में लॉन्च किये जा रहे हैं. यह रांची वासियों के लिए गौरव की बात है. एग्जीबिशन में प्रतिदिन विजिटर्स के लिए लकी ड्रॉ किया जाएगा, जिसमें चांदी के सिक्के उपहार स्वरूप भेंट किए जाएंगे. एग्जीबिशन के कई स्टॉल चैरिटी के लिए समर्पित है. वहीं, लायंस क्लब समर्पण शाखा रांची गायन प्रतियोगिता, सेल्फी प्रतियोगिता, खेल और कई अन्य कार्यक्रमों के साथ मातृ दिवस मनाएगा. इसमें रीना अग्रवाल, संगीता जुलका, सीमा अग्रवाल, संध्या सिंह, सुमिता बेदी, नीलम, मनीषा, नीलम, सीमा सिंह, अंजली, और अनीता का सहयोग रहेगा.



## सीबीएसईसी के 10वीं और 12वीं के परिणाम से विद्यार्थियों के चेहरे खिले

# 12वीं में 87.98% व 10वीं में 93.50% सफल

संवाददाता । रांची

सीबीएसईसी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया. इसमें 12वीं में 87.98 फीसदी विद्यार्थी पास हुए. 10वीं की परीक्षा में 93.50 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए. इस बार कुल 87.98 फीसदी विद्यार्थी सफल रहे. वहीं छात्राओं के पास का प्रतिशत 91.52 फीसदी रहा. जबकि 85.12 फीसदी छात्र सफल रहे. इस साल सीबीआई ने 12वीं परीक्षा 15 फरवरी से 2 अप्रैल तक ली थी. इसमें लगभग 39 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. इस बार 12वीं के रिजल्ट में त्रिवेन्द्रम 99.91 फीसदी के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाला क्षेत्र रहा. वहीं प्रयागराज का रिजल्ट 78.25 फीसदी रहा, जो सबसे कम है. वहीं इस साल 10वीं की परीक्षा में 93.60 फीसदी विद्यार्थी सफल रहे. इसमें 94.25%. छात्राएं और 92.27% छात्र पास हुए. इस साल पास करनेवालों के प्रतिशत में 0.48% की बढ़ोतरी हुई है. साल 2023 में 93.12 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की थी. 2022 में 92.71 प्रतिशत, 2021 में 99.37 प्रतिशत, 2020 में 88.78 प्रतिशत और 2019 में 83.4 प्रतिशत छात्र सफल हुए थे. बताते चलें कि इस साल 22,81,225 छात्रों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन किया था. बोर्ड ने 10वीं की परीक्षा के लिए कुल 7603 परीक्षा केंद्र बनाए थे.



### डीपीएस रांची का सीबीएसई 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसई, 12वीं (2023-24) बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. प्रखर अदुकिया (कॉमर्स स्ट्रीम) ओवरऑल टॉपर ने बेस्ट फाइव सब्जेक्ट्स में 99.2 प्रतिशत स्कोर हासिल कर इतिहास रचा. जबकि पीयूष प्रताप सिंह ने साइंस स्ट्रीम में 98.4 प्रतिशत प्राप्त किया. श्वेता कुमारी 98.4 प्रतिशत के साथ ह्यूमैनिटीज की टॉपर रही. मालूम हो कि कुल 728 विद्यार्थियों में से 112 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किया. 351 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया. 526 छात्रों ने 85 प्रतिशत व उससे अधिक अंक हासिल किये. इसी के साथ-साथ 22 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी.

### 12वीं के रिजल्ट का फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| लड़कियों का पास प्रतिशत | 91.52 |
| लड़कों का पास प्रतिशत | 85 .12 |
| ट्रांसजेंडर का पास प्रतिशत | 50 .00 |

### 10वीं के रिजल्ट का फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| सीबीएसई 10वीं का पास प्रतिशत | 94 .35 |
| छात्राओं का पास प्रतिशत | 94 .25 |
| छात्रों का पास प्रतिशत | 92 .27 |

### टेंडर हार्ट की अंजलि बनी दसवीं की स्कूल टॉपर

रांची । सीबीएसई द्वारा जारी 12वीं एवं 10वीं केरिजल्ट में टेंडर हार्ट विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा. इसमें अंजलि 97.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी. इस बार 10वीं में विद्यालय का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा. कुल 407 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे. जिसमें 141 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए. टेंडर हार्ट की प्राचार्या उषा किरण झा ने इस शानदार रिजल्ट के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिवावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि टेंडर हार्ट का प्रति वर्ष रिजल्ट बेहतर हो रहा है. टेंडर हार्ट विद्यालय को देश के अग्रणी विद्यालयों में लेकर जायेगा. इस बार 12वीं का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा. कुल 209 परीक्षार्थियों में 56 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये.

**12वीं में विद्यालय के हर्षवर्धन 97.6 प्रतिशत अंक लाकर बने स्कूल टॉपर**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| **12वीं विज्ञान संकाय** | |
| हर्षवर्धन | 97.6 |
| सोनम कुमारी | 97.2 |
| आयुष भूषण | 95.6 |
| **12वीं कला संकाय** | |
| इशिका कच्छप | 97.2 |
| निपुणच मारिया | 96.4 |
| सृष्टि कुमारी | 95 |
| **10वीं का परिणाम** | |
| अंजलि कुमारी | 97.6 |
| पूजा कुमारी | 97.4 |
| आयुष कुमार | 97.2 |

### डीएवी गांधीनगर

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| **वाणिज्य संकाय** | |
| शीतल | 90.20 |
| आर्या श्री सिन्हा | 92.80 |
| प्रियांशी पॉल | 92.20 |
| **विज्ञान संकाय** | |
| हाला रहमान | 95.40 |
| शुभम कुमार | 94.80 |
| अभिषेक कुमार | 94.20 |

### लाला लाजपत राय,पुंदाग

| | |
|---|---|
| **वाणिज्य संकाय** | |
| असरम आलम अंसारी | 86 |
| खुशी कुमारी | 85 |
| प्रियांशु सेनगुप्ता | 84.2 |
| **विज्ञान संकाय** | |
| मानसी | 88 |
| रूपा कुमारी | 84.6 |
| नेहा परवीन | 82 |



### डीएवी स्कूल बरियातु

| | |
|---|---|
| **विज्ञान संकाय** | |
| सौम्या सिन्हा | 96.4 |
| क्रेतना | 95 |
| कावेरी कंचन | 94.2 |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| बीहू सकेत | 98 |
| आशीर्वाद तिवारी | 96.8 |
| रीतुल तिवारी | 95.2 |
| **कला संकाय** | |
| शुभम मयंक उरांव | 94.2 |
| पांखुरी | 92.8 |
| नौशीन इमरान | 91.6 |



## अमृता मंडल, हर्षिणी शंकर, ईशा अग्रवाल और रोहन वर्मा बने जेवीएम श्यामली टॉपर

संवाददाता । रांची




सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम आते ही जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई. सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा. विज्ञान संकाय में अमृता मंडल, कला संकाय में हर्षिणी शंकर और वाणिज्य संकाय में ईशा अग्रवाल और रोहन वर्मा विद्यालय के विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के टॉपर बने. वहीं पूरे विद्यालय में विज्ञान संकाय में कुमारी आकृति और अर्णव दत्ता, कला संकाय में वसुंधरा और ओजस्वी परावर द्वितीय और तृतीय स्थान तथा वाणिज्य में संचारी मुखर्जी और कृतिका प्रिया दूसरे और आशी वल्लभ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. विज्ञान में 96 छात्र, कला में 48 छात्र और वाणिज्य में 13 छात्रों ने 450 से अधिक अंक प्राप्त किये. वहीं गणित, रसायन शास्त्र, कंप्यूटर, इतिहास और राजनीतिक विज्ञान में छात्रों का अधिकतम प्राप्तांक 100 अंक रहा. प्राचार्य समरजीत जाना ने परीक्षा परिणाम को संतोषजनक बताया. छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कहा कि परीक्षा परिणाम छात्रों की उपलब्धि है. विद्यालय में अंग्रेजी में 330 छात्र, रसायन शास्त्र में 136 छात्र, भौतिकी में 88 छात्र, इकोनॉमिक्स में 79 छात्र, शारीरिक शिक्षा में 78 छात्र, जीव विज्ञान में 60 छात्र, इन्फॉर्मेशन प्रक्टिस में 78 छात्र, राजनीति विज्ञान में 58 छात्र, गणित में 63 छात्र, इतिहास में 39 छात्र, सामाजिक विज्ञान में 50 छात्र, बियोटेक्नॉलॉजी में 17 छात्र, अकॉउंटेंसी में 20 छात्र तथा बिजनेस स्टडीज में 8 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए. प्राचार्य समरजीत जाना ने परीक्षा परिणाम को संतोषजनक बताया.

## सीबीएसई 10वीं व 12वीं में विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**केरलि स्कूल, 12वीं का परिणाम**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| **विज्ञान संकाय** | |
| पियुष पुष्कर | 95.80 |
| संस्कृति सुहानी | 95.20 |
| सुनैधा कुमारी | 95 |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| आर्यन सुधानी | 96.20 |
| प्रथम पटेल | 94.80 |
| चैतन्य सहाय | 93.80 |
| **कला संकाय** | |
| नाव्या सिन्हा | 98 |
| आदश्री पल्लवी नायक | 97.40 |
| श्रेया सुमन | 97.40 |

**विवकानंद विद्या मंदिर धुर्वा**
**10वीं के परिणाम**

| | |
|---|---|
| काजल कुमारी | 95.2 |
| जानविका प्रसाद | 94.6 |
| वैष्णवी झा | 94.6 |

**मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल**
**12वी परीक्षा के परिणाम**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| **विज्ञान संकाय** | |
| आयुष सिंह | 95 |
| श्रेयांस | 95 |
| आशिष कुमार | 92.2 |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| समीर कुमार | 94 |
| अंकित कुमार | 92.8 |
| साक्षी गुप्ता | 88.4 |

**10वी बोर्ड परीक्षा के परिणाम**

| | |
|---|---|
| नवनीत कुमार चौधरी | 96.2 |
| नीतु कुमारी | 95.4 |
| निशांत कुमार | 95.4 |

**डीएवी कपिलदेव कडरू, रांची**
**12वी परीक्षा के परिणाम**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| **विज्ञान संकाय** | |
| सानिया खुंटीया | 95.80 |
| श्रेया सुमन | 94.80 |
| पूर्वा फैजान | 93.60 |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| मुस्कान रानी | 97.80 |
| कृष्ण्म सारदा | 96 |
| श्रुति सतपथि | 94.20 |

**10वी बोर्ड परीक्षा के परिणाम**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| आरएन सुकन्या | 97.80 |
| श्रुति स्नेहा | 97.6 |
| प्रिथु कुमार | 97.4 |

**डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल**
**12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम**

| नाम | प्रतिशत |
|---|---|
| **विज्ञान संकाय** | |
| वाभ्या सिंह | 95.4 |
| जयवल्लभ पाठक | 95 |
| श्रेष्ठ अग्रहरी | 95 |
| **वाणिज्य संकाय** | |
| दिव्यांश कनौडिया | 94.4 |
| हर्षित शर्मा | 93.4 |
| तनुज सराफ | 92.6 |
| **सोशल विज्ञान संकाय** | |
| अवनिका घोष | 96.8 |
| सुमित कुमार | 95.8 |
| सिंहधा सिंह | 95.6 |

**टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, रांची**
**12वीं का परीक्षाफल**

| स्कूल टॉपर | प्रतिशत |
|---|---|
| जोशुवा बागे (विज्ञान) | 91 |
| सिब्तैन खान (वाणिज्य) | 90 |
| कुमार अनमोल (मानविकी) | 93 |
| **विषय टॉपर्स** | **प्रतिशत** |
| लक्षेद्र सिंह (अंग्रेजी) | 95 |
| अविक बसु (व्यवसाय) | 92 |
| कुमार अनमोल (मनोविज्ञान) | 97 |

## दिल्ली पब्लिक स्कूल का 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



**रांची ।** सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड का परिणाम जारी कर दिया. इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के 10वीं बोर्ड में 367 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे. जिसमें 10 विद्यार्थियों ने पूरे भारत में शानदार प्रदर्शन किया.

**10वी बोर्ड परीक्षा के परिणाम**
**दिल्ली पब्लिक स्कूल**

| नाम | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|
| दिव्यांस अग्रवाल | 497 | 99 .4 |
| अदिति विद्या | 495 | 99 |
| शुभांगी सिन्हा | 494 | 98 .8 |
| पायल | 493 | 98 .6 |
| आनन्या | 493 | 98 .6 |
| वृदित थ | 493 | 98 .6 |

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

# पलक 97.2% के साथ बनीं स्कूल टॉपर, भूमि सेकेंड टॉपर

संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) के छात्रों ने सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है. पलक केशरी 97.2% अंक के साथ स्कूल की साइंस टॉपर बनीं. साइंस की ही भूमि केशरी 97% अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहीं.

कॉमर्स में विधि भालोटिया ने 96.8% अंक हासिल किया. अवनि चौधरी ने कॉमर्स स्ट्रीम में 95.8% अंक हासिल किए. मानविकी संकाय में प्रतिष्ठा गुप्ता ने 95% अंक हासिल किए, तुहिना मुखर्जी ने मानविकी संकाय में 94.4% अंक प्राप्त किए. विद्यालय के 47 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये. 8 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100% से अधिक और 396 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए. प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को हार्दिक बधाई दी, जिन्होंने अपने निरंतर प्रयास और समर्पण से स्कूल को गौरवान्वित किया है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में उनके माता-पिता और शिक्षकों का भी सहयोग और सकारात्मक मार्गदर्शन रहा है. उन्होंने छात्रों को भविष्य की उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं.



### बच्चों की सफलता में स्कूल के टीचर्स के साथ अभिभावकों का भी योगदान : परमजीत कौर

सरला बिरला पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) के दसवीं बोर्ड परीक्षा में शिवांश जोशी 98.6% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनीं. रोहिणी राज 97.8% के साथ द्वितीय व श्रेया वान्या ने 97.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रियम प्रभव ने 97 प्रतिशत अंक लाया. 103 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया. प्रिंसिपल परमजीत कौर ने बच्चों की सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ अभिभावकों को भी दिया. बताया कि सात छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. 655 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए.





### बिगड़े बोलः धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की फिर फिसली जुबान, भाजपा के पूर्व सांसद ने दी तीखी प्रतिक्रिया

# 20 साल से गांजा पीकर घूमते रहे सांसद, किसी ने कुछ नहीं कहाः ढुल्लू महतो

**संवाददाता। धनबाद**

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का विवादों से चोली-दामन का साथ है. एक विवाद सुलझता नहीं कि दूसरे से नाता जोड़ लेते हैं. केस-मुकदमों के साथ ही अपने बड़बोलेपन की वजह से भी ढुल्लू चर्चा में बने रहते हैं. चुनाव के दौरान भी उनकी बयानबाजी में संयम नहीं देखा जा रहा है. ढुल्लू लगातार अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ बयान देने से नहीं चूक रहे हैं. इस बार उन्होंने ऐसा बयान दे दिया, जो किसी को हजम नहीं हो रहा है. इस बयान को लेकर ढुल्लू महतो एक बार फिर सुर्खियों में हैं. चंदनकियारी में आजसू पार्टी की चुनावी सभा में ढुल्लू ने कह दिया कि पिछले 20 साल से सांसद गांजा पीकर घूमते रहे, तो उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा. इस बार गांव के बेटे को टिकट मिल गया है, तो कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है. ढुल्लू के इस बयान का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो के साथ कमलेश सिंह ने अपने फेसबुक वॉल पर लिखा है कि जो अपने बड़े बुजुर्ग और अपनी ही पार्टी के सांसद-विधायक की इज्जत नहीं करता है.

**अपने** बड़बोलेपन की वजह से एक बार फिर से चर्चा में ढुल्लू

**चंदनकियारी** में चुनावी सभा के दौरान ढुल्लू महतो अपनों पर ही बरसे

**कहा-** गांव के बेटे को टिकट मिलने पर कुछ के पेट में दर्द




### संयमित और संसदीय भाषा में बात करें ढुल्लूः रवींद्र पांडेय

*धनबाद के वर्तमान सांसद पीएन सिंह के खिलाफ ढुल्लू महतो के बयान पर गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने तीखी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा है कि धनबाद लोकसभा चुनाव में बाघमारा विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो भाजपा की बारात के दूल्हे है. दूल्हे को कम और संयमित भाषा में बात करनी चाहिए. आम लोग कई तरह की बातें करेंगे, लेकिन उनको संसदीय भाषा का प्रयोग करना चाहिए. उनका इस तरह का बयान देना चिंतनीय विषय है.*

**अपराधियों से साठगांठ का पूर्व में लगा चुके हैं आरोप**

ढुल्लू महतो अपने बड़बोले बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहते हैं. पिछले दिनों उन्होंने अपने ही पार्टी के सांसद-विधायक पर अपराधियों व कोयला चोरों से मिलीभगत का आरोप लगा दिया था. उस वक्त उन्होंने कहा था कि धनबाद में बढ़े अपराध और कोयला चोरी के खिलाफ सिर्फ उन्होंने ही विरोध किया था. दूसरे विधायक और सांसद इसलिए नहीं बोलते, क्योंकि या तो वे अपराधियों से डरते हैं या पैसे लेते हैं.

**भाजपाई ही कर रहे दूसरे भाजपाई का विरोध**

इस बार के लोकसभा चुनाव में धनबाद में अलग ही माहौल बना हुआ है. विपक्षी दल से ज्यादा भाजपा का एक पक्ष ही दूसरे पक्ष का विरोध कर रहा है. इधर भाजपा प्रत्याशी भी अपने ही पार्टी के सांसद एवं विधायकों पर वार कर रहे हैं. कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह एवं उनके पति बेरमो विधायक अनूप सिंह ढुल्लू महतो को छोड़ कर भाजपा के सभी विधायकों एवं धनबाद सांसद के पक्ष में कसीदे पढ़ रहे हैं. कांग्रेस प्रत्याशी ने कभी भाजपा के सांसद व विधायकों के खिलाफ एक बयान नहीं दिया है, लेकिन अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार लगातार उनकी फजीहत करने में जुटे हैं.

### सूची से कई मतदाताओं के नाम गायब, नए वोटरों ने उत्साह के साथ किया मतदान

# बेड़ो में 66.61 प्रतिशत मतदान

**संवाददाता। बेड़ो**

झारखंड मे लोकसभा चुनाव को लेकर 13 मई को राज्य मे हुए पहले चरण के चुनाव मे लोहरदगा लोकसभा के बेड़ों प्रखंड मे भी चुनाव संपन्न हो गया. इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत व निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा समेत 15 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम मशीन मे बंद हो गई. बेड़ों प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 90 हजार 770 है. जिसमें पुरुष मतदाता 45 हजार 149 बताया गया जिसमें केवल 29179 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया जबकि महिला मतदाता 45 हजार 621 हैं जिनमें 31270 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया. निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने बताया कि 13 मई को हुए चुनाव के दौरान बेड़ो प्रखंड में मतदान का प्रतिशत 66.61 रहा. यहां कुल 60459 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया. पुरुषों की अपेक्षा 2081 महिलाओं ने अधिक वोट किया है. प्रखंड में सबसे अधिक वोट राजकीय प्राथमिक विद्यालय टिकरा टोली के बूथ संख्या में 215 में 88.56 प्रतिशत और सबसे कम वोट राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेड़ो के बूथ संख्या 234 में 49.83 व 235 49.08 रहा. राजकीय प्राथमिक विद्यालय टेरो में 83.71% , राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय करांजी उर्दू में 83.27 %, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईटाचिल्दरी में 81.22% राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय खुखरा में 81.13% एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बारीडीह में 80.76% मतदाताओं ने मतदान किया. सोमवार को साप्ताहिक बाजार होते हुए भी प्रखंड में वोट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया. जहां सुबह के छः बजे ही वोटर लाईन मे लग गए थे.चिलचिलाती धूप के बावजुद लोग लाईन मे खडे होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे. वही 10 स्थानो में इवीएम, वीवीपैट मशीन मे खराबी आई थी,जिसे इवीएम एक्सपर्ट सुनील कुमार,राकेश कुमार व मुकेश कुमार ने तत्काल ठीक कर मतदान कराया गया. वहीं बेड़ो में जोनल मजिस्ट्रेट प्रणव अम्बष्ट व वाल्टर कुजूर बीडीओ राहुल उरांव व सीओ प्रताप मिंज दिनभर चुनाव कार्य का निरीक्षण करते रहे. प्रखंड के बुजूर्ग व दिव्यांग वोटरो मे भी उत्साह देखी गई. वहीं प्रखंड के बुथ नम्बर 230, 250, 252, 274, 291 व 294 में मतदान शाम 6 बजे भी मतदाता लाईन में खड़े रहकर वोट दिया. दिव्यांग वोटरो के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई थी. इधर चुनाव को लेकर विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. उधर दर्जनों मतदाताओं को मतदान केंद्र से बैरंग वापस लौटना पड़ा बताया गया कि मतदाता सूची से दर्जनों मतदाताओं का नाम गायब है. डोमन स्वीट्स के संस्थापक होटल व्यवसायी वयोवृद्ध डोमन साहु, लक्ष्मीनाथ साहु, निरंजन मिश्रा, भोला प्रसाद गुप्ता, भुंदुल बडाईक, जितेंद्र कुमार गुप्ता सहित कई लोगों ने बताया कि वे कई सालों से वोट देते आ रहे हैं.





### तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में 72.15 % मतदान

**बुंडू।** खूंटी लोकसभा चुनाव में तमाड़ विधान सभा क्षेत्र में कुल 72 .15 प्रतिशत मतदान हुआ. पुरे तमाड़ विधान सभा से कुल 78 हजार 414 पुरुष एवं 78 हजार 78 महिलाओं ने वोट डाले. तमाड़ विधान सभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों में से बुंडू में प्रखंड में सर्वाधिक 78 .28 प्रतिशत, तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में 77 .77 प्रतिशत व अड़की प्रखंड में 62 .06 प्रतिशत मत पड़े. अपने मताधिकार को उपयोग करने हेतु मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया. सोमवार सुबह सात बजे से बूथों में पुरुषों व महिलाओं दोनों मतदाताओं की लंबी कतारे देखी गईं. सुबह नौ बजे तक विधान सभा में 11 .25 प्रतिशत, 11 बजे तक 33 प्रतिशत, एक बजे तक 51 प्रतिशत व 3 बजे तक 59 .45 प्रतिशत मत पड़े थे. दोपहर बाद हल्की बूंदा बांदी होने से मौसम ठंडा हो गया . मौसम के ठंडा होने के बाद मतदान प्रतिशत काफी तेजी देखी गई. मतदान संपन्न कराने के बाद इवीएम को बिरसा कॉलेज, खूंटी स्थित वज्रगृह में जमा करा दिया गया. पूरे तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया.

### इटकी में 71.66 प्रतिशत मतदान

**इटकी।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र क इटकी प्रखंड के कुल 49 बूथों पर 71 .668 प्रतिशत मतदाताओं ने सोमवार को उल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न हुआ . इटकी प्रखंड में कुल मतदाताओं कि संख्या 40869 है जिसमें 29290 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जिसमें पुरुष मतदाता 14558, वहीं 14732 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, इटकी प्रखंड के बालिका उच्च विद्यालय के बूथ नंबर 333 में सर्वाधिक 85 .4 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि कन्या उत्तकर्मित मध्य विद्यालय गढ़गांव के बूथ नंबर 318 में सबसे कम 57 .77 वोट पड़े. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान पूरी तरह निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रहा. इटकी शहरी क्षेत्र के अलावा कई अन्य बूथों पर मतदान शुरू होने से पूर्व ही मतदाताओं की लंबी लाइनें लग गयी थी. दोपहर एक बजे तक कई बूथों में 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था.



### केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल : बेलस तिर्की

**ओरमांझी।** रांची लोकसभा के खिजरी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत अनगड़ा प्रखंड के पुरना पानी के समीप चुनावी सभा का आयोजन किया गया. चुनावी सभा में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को भारी मतों से जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को जीत की रणनीति बतायी गई l सभा का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना मुंडा ने किया तथा इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश सचिव बेलस तिर्की के नेतृत्व में किया गया. उन्होंने अपने वक्तव्य में लोगों से महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई. उन्होंने यह भी कहा कि सुश्री सहाय को अपना बहुमूल्य वोट दे कर भारी मतों से विजय बनावें ताकि, रांची क्षेत्र का विकास हो सके.

### विधायक राजेश कच्छप ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**ओरमांझी।** रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में खिजरी विधायक राजेश कच्छप सोमवार को ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वोट मांगा. उन्होंने इरबा, करमा, कूटे, पांचा, जयडीहा, चाड़ू, बरीडीह, चुटुपॉलु, इचादाग सहित नो पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जिताने की आमजनों से अपील कर रहे है. इंडिया गठबंधन के कांग्रेसी प्रत्याशी यशश्वनी सहाय में राजनीतिक सूझ बूझ कूट कूट कर भरी है . इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार,सुरेश प्रसाद साहू,विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी,जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा,मुंतजिर अहमद रजा,शिबू साहू, सुधा देवी,रीना मुंडा,सूरज पठान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### 10वी व 12वीं की परीक्षा में डीएवी बचरा का जलवा कायम



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा द्वारा सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा . 12वीं के विज्ञान की परीक्षा में कुल 25 छात्र-छात्राएं शामिल हुए . जिसमें आभांश द्विवेदी 88.8 उत्कर्ष कुमार 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बना .

### बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी का रिजल्ट बेहतर रहा



**बुंडू।** सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2024 मे दसवीं की रिजल्ट मे अमित कुमार प्रामाणिक ने 95% अंक मे उत्तीर्ण होकर अपने स्कुल एवं पंचपरगना क्षेत्र का नाम रोशन किया .वहीं दूसरी ओर नवीन कुमार 91%, समीर कुमार 87%, रौनक जयसवाल 87%, खुसबू कुमारी 84%, अमन मांझी 84%, सुजाता कुमारी 81 %, चित्रा रंजन 80% निखिल कुमार महतो 80% अंक से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया . विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिका गण एवं विद्यालय के संचालक भुवनेश्वर प्रामाणिक ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किये.

### संत माईकल+2 स्कूल 10 वीं व 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा



**सिल्ली/मुरी।** संत माईकल 2 स्कूल मुरी का रिजल्ट10 वीं व 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा. जिसमें कक्षा 12वीं की संगीता कुमारी 97% प्रतिशत एवम् 10 वीं के सूरज कुमार 94.4 % प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय के टॉपर बने. वहीं 12वीं की अंजली रॉय 96.6%, अंकिता दत्ता 87.2%, पूजा कुमारी 72%, आरुषी कुमारी एवम् शिखा कुमारी 71% अंक प्राप्त किए. 10 वीं की आयुषी कुमारी 92%, शुभम चौधरी 91.2%, संचाली भगत 91%, सुभोजित घोष 90.4% मोहित कुमार राज 89%, अक्षिता आनंद एवम् उदय चौधरी 88% अंक प्राप्त किए.

### झारखंड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



**डकरा।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं के परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. विद्यालय के शीर्ष पांच टॉपरों में पम्मी कुमारी 92.4 खुशी कुमारी 91.2,अदिति कुमारी 88.6 आशा कुमारी 74.8, खुशी कुमारी 71 प्रतिशत लाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया.विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक कुमार चौहान ने बताया की विद्यालय के सफल बच्चों का प्रतिशत 94 प्रतिशत रहा साथ ही साथ सफल होने वाले सभी बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई दी. विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों के सफलता पर बधाई दी.

### एसएसबीएम का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा



**डकरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों का सीबीएसई दसवीं की परीक्षा का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा. कक्षा दशम में कुल 76 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिसमे सभी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है जिसमें 95.2 अंकों के साथ माही प्रिया प्रसाद स्कूल टॉपर रही. वही द्वितीय स्थान पर 92.2 अंकों के साथ स्मिता कुमारी एवं आर्या विश्वकर्मा रहे. जबकि तृतीय स्थान पर 92% अंकों के साथ अंजली कुमारी ने बाजी मारी है. इस परिणाम के विश्लेषण करने के पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा सभी सफल रहे छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी.

### कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**ओरमांझी।** कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के विद्यार्थियों ने इस वर्ष के सीबीएसई 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाओं में शत प्रतिशत सफलता हासिल की है. दसवीं के सभी 80 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं. 90 प्रतिशत से ऊपर चार विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किए हैं. 80 प्रतिशत से ऊपर 20 विद्यार्थियों ने अंक प्राप्त किया है. दसवीं की परीक्षार्थियों में विद्यालय स्तर पर प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले में प्रथम स्थान पीयूष पवार ( 93.4% ) दूसरा स्थान कुणाल कुमार (92%) तीसरा स्थान मानव अग्रवाल (91.2%) चौथा स्थान वसीम जाफर (90.6%) आदि ने सफलता प्राप्त की.

### ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



**मांडर।** सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया. दशवीं की परीक्षा में 169 बच्चे शामिल हुये थे जिसमें 10 बच्चों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किए, 141 प्रथम एवं 23 द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुये. विद्यालय के आनंद भगत 95.4% लाकर स्कूल टॉपर बने वहीं किंशुक किशलय 94% लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया. रीवा कुमारी 93.4% लाकर तीसरे स्थान पर रहे. विद्यालय के किंशुक किशलय समाज अध्ययन में 99 , किंशुक किशलय, आनंद भगत और अमृता तिग्गा कंप्यूटर में 97, रिद्धि कुमारी, आनंद भगत और श्रीकांत कुमार अंग्रेज़ी में 95, किंशुक किशलय गणित में 97 और विज्ञान में 98 अंक प्राप्त करते हुए टॉप स्कोरर बने. प्राचार्या इयोन ई. एक्का सबी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## इकरा मस्जिद से स्मार्ट बाजार तक चला अतिक्रमण अभियान

**संवाददाता। रांची**

नगर प्रशासक के आदेशानुसार, रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों को जाममुक्त तथा अतिक्रमण मुक्त करने हेतु लगातार अतिक्रमणमुक्त अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में सोमवार को रांची नगर निगम के द्वारा मेन रोड स्थित इकरा मस्जिद से स्मार्ट बाजार तक सहायक प्रशासक के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया. इससे इलाके में हड़कंप मच गया.

इस क्रम में अवैध रूप से लगाए गए दुकानों को हटाया गया तथा सामान जब्त किया गया. इसके अलावा नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा, गुमटी और बांस-बल्ली को हटाया गया. निगम द्वारा कुल छह ठेला, छह काउंटर, चार टेबल, दो बेंच व छह स्टूल जब्त किए गए. साथ ही सड़क पर कूड़ा डालने वाले प्रतिष्ठानों से कुल 5000 रुपये एवं सड़क पर निर्माण सामग्री को लेकर 2000 रुपये का जुर्माना लगाया गया.




**खास बातें**

- अवैध दुकानों को हटाया, कूड़ा डालने वालों से जुर्माना वसूला
- छह ठेला, छह काउंटर, चार टेबल,दो बेंच व छह स्टूल जब्त

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध चला जांच अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक व प्लास्टिक कैरी बैग के खरीद-बिक्री के विरुद्ध सोमवार निगम द्वारा जांच अभियान चलाया गया. रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने मेन रोड स्थित इकरा मस्जिद से स्मार्ट बाजार तकअभियान चलाया. इस दौरान कुल 6500 रुपये जुर्माना वसूले गए. रांची नगर निगम ने सभी लोगों से अपील की है.

### सिल्ली में चुनावी रणनीति पर चर्चा, कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने पर जोर

## एनडीए रांची सीट से बड़ी जीत दर्ज करेगाः सुदेश

**संवाददाता। रांची/सिल्ली**

विकास आधारित राजनीति ही एनडीए की मजबूती का आधार है. लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने के लिए सभी कार्यकर्ता समन्वय और जिम्मेदारी के साथ काम करें. उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्थित आम बागान में आयोजित एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में कही. इस दौरान रांची लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ समेत गठबंधन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहें. बैठक में रांची लोकसभा सीट में पुनः एनडीए का परचम लहराने के लिए आपसी तालमेल और साझेदारी के साथ कार्य करने की साझा रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग के लोगों को उनका हक,अधिकार और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है. उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है. वैश्विक पटल पर भारत की पहचान मजबूत हुई है. इस अवसर पर आजसू पार्टी से केंद्रीय सचिव सुनिल सिंह, सुशिल महतो, रांची जिप उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, चितरंजन महतो, शंकर मुण्डा, सोमरा बेदिया, विजय उरांव, रंगबहादुर महतो, जलेश्वर महतो, चंचला भोगता, धरनी देवी, सुशेन प्रमाणिक, उज्जवला देवी, रमेश मुण्डा, सारथी देवी, अनिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थें.



**निरीक्षण** खुद बाइक चला नक्सलियों के गढ़ में पहुंचे डीआईजी सुरेंद्र झा, ग्रामीणों से कहा

# भयमुक्त हो करें मतदान, प्रशासन हर पल आप के साथ है

**संवाददाता। रांची/ बोकारो**

बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा सोमवार को खुद ही बाइक चलाकर सुदूर नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंचे. इस दौरान डीआईजी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र ललपनिया, जागेश्वर विहार, तिलैया, दनिया, रहावन और झुमरा पहाड़ स्थित बूथों, जवानों के आवासन स्थल, फोर्स मूवमेंट, नक्सलियों के छुपने के स्थान आदि की जानकारी ली.

इस दौरान डीआईजी ने नक्सलग्रस्त क्षेत्रों में कार्यरत अफसरों और जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सुरक्षा से जरूरी दिशा-निर्देश दिए, साथ ही लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जवानों को उत्साहित किया.




**बिना किसी डर-भय के मतदान करने की अपील**

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने ग्रामीणों से बातचीत की और क्षेत्र केबारे में जानकारी ली. डीआईजी ने ग्रामीणों से भयमुक्त माहौल में 25 मई को के मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की. अभियान में बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह, महेश प्रसाद इंस्पेक्टर गोमिया, थाना प्रभारी ललपनिया, जागेश्वर विहार, महुवाटांड, रहावन ओपी, जिला पुलिस, जैप के जवान शामिल थे.

### नक्सल प्रभावित तमाड़ में एसएसपी ने बूथ का किया निरीक्षण




**रांची।** झारखंड की चार लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ. खूंटी क्षेत्र में पड़ने वाले नक्सल प्रभावित तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ. मतदान केंद्र में वोटिंग को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया. इधर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दिन में नक्सल प्रभावित जारगो बूथ संख्या 288 का निरीक्षण किया. नक्सल प्रभावित लोकसभा क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी गयी. सभी बूथों पर वेब कास्टिंग की सुविधा थी. जहां बूथों के अंदर और बाहर की रिकॉर्डिंग की गयी. वहीं कंट्रोल रूम से नजर रखी जा रही थी. बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी. उनके लिए व्हील चेयर रखी गयी. रैंप भी बनाया गया. तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 96,957 है. इनमें 48,626 पुरुष मतदाता और 48,331 महिला मतदाता हैं. कुल 137 बूथों पर मतदान कराया गया.

